तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल



## खबर संक्षेप

### अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीकरण 10 तक

**कोरबा।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर सेना में भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीकरण प्रक्रिया जो 13 फरवरी से 1 अप्रैल तक थी अब उसकी अंतिम तिथि 10 अप्रैल तक बढ़ा दी गयी है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। इस प्रक्रिया के अन्तर्गत अग्निवीर केटेगरी (अग्निवीर पुरूष जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन-दसवीं), ट्रेडमैन (आठवी), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थाई कैडर (नर्सिंग सहायक, सिपाही, फार्मा, हवलदार सेना शिक्षा तथा धर्म शिक्षक) के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक तथा योग्य पुरूष अथवा महिला उम्मीदवार वेबसाईट पर उपलब्ध विभिन्न पदों की अर्हता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

### युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित किया गया

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा स्थानीय एक होटल में उद्यमिता जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं इच्छुक उद्यमियों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना तथा राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना रहा। पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत बैंक ऋण, सब्सिडी प्रक्रिया, पात्रता मानदंड एवं आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी विस्तारपूर्वक प्रदान की गई। वहीं पीएमएफएमई योजना के तहत खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए उपलब्ध सहायता, ब्रांडिंग, प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहयोग की रूपरेखा सरल एवं सहज भाषा में समझाई गई।शिविर में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम ने युवाओं में स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा जगाई तथा उन्हें अपने व्यवसाय की संभावनाओं को मूर्त रूप देने हेतु प्रोत्साहित किया।

### राठिया कंवर समाज की बैठक में कार्यकारिणी का हुआ गठन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राठिया कंवर विकासशील समाज ने अपने संगठनात्मक ढांचे को नई ऊर्जा और दिशा देते हुए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। 29 अगस्त को आयोजित आमसभा में समाज की केंद्रीय प्रबंधकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने एकमत होकर प्रस्ताव पारित किया और पदाधिकारियों का चयन आपसी सहमति से संपन्न हुआ। केंद्रीय प्रबंधकारिणी में श्री चंद्रमणि राठिया (ग्राम पुसल्दा) को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी डॉ. विक्रम सिंह राठिया (ग्राम बंगरसुता) को सौंपी गई, जबकि डॉ. सुरेश कुमार राठिया (ग्राम सोनबरसा) सचिव और इंजि. गजाराम कंवर (ग्राम पिंडिया) कोषाध्यक्ष मनोनीत हुए।

### सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** एचटीपीएस कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता एचके सिंह के द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृतिचिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके गुप्ता, आरके. पांडे, केएनबी राव, एके शाह, एससी पाठक, एसके नायर और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके. कुरनाल की उपस्थिति रही। एचटीपीएस कोरबा पश्चिम से मार्च महीने में अधीक्षण अभियंता परमानंद पांडेय, सहायक अभियंता दानेश्वर प्रसाद शर्मा, वरिष्ठ पर्यवेक्षक विजय कुमार चंद्रा, कनिष्ठ पर्यवेक्षक रामशरण कैवर्त, परसराम भारिया, लखन लाल चंद्रा एवं राजू दहायत सेवानिवृत्त कर्मचारियोंको विदाई दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य अभियंता एचके सिंह ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए पावर कंपनी की ओर से आभार जताया।

# डेढ़ साल में शुरु नहीं हो सका उरगा कटघोरा एनएच सड़क का काम और वसूल रहे टोल टैक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

चांपा से कटघोरा तक बनने वाली एनएचएआई की बनने वाली फोरलेन सड़क का काम चांपा से करुमौहा ग्राम तक ही पूरा हो सका है। उसके आगे कटघोरा तक सड़क निर्माण का काम बीते डेढ़ से बंद पड़ा है। फिर भी ग्राम जमनीपाली टोल नाका लगाकर टैक्स की वसूली शुरु हो गई है जबकि उरगा से चांपा तक की दूरी लगभग 38 किलोमीटर है और एनएचएआई के प्रावधानों के तहत 2 टोल नाका के बीच की दूरी 60 किलोमीटर होनी चाहिए।

1 अप्रैल से टोल नाका में बढ़ोतरी होने के साथ अब नेशनल हाईवे से गुजरने वाले वाहनों को बढ़े हुए दर से टैक्स चुकाना होगा और इसके साथ ही टोल टैक्स के रुप में नगद राशि नहीं ली जाएगी।

### उरगा-चांपा एनएच में जमनीपाली में लगा है टोल नाका

**खास बातें**

- दोनों स्थानों की दूरी 37 किलोमीटर, फिर भी लगा है टोल नाका
- देना होगा ज्यादा टैक्स




**नियम के तहत लगा है**

उरगा-चांपा मार्ग में जो टोल प्लाजा जमनीपाली के समीप लगा है वह नियम के तहत लगाया गया है। उरगा चांपा के बीच जितनी दूरी है उतने का टोल टैक्स लिया जा रहा है। मदनपुर रजकम्मा टोल प्लाजा हटाने संबंधी कोई प्रस्ताव नहीं है।

**-डी डी पार्लावार**
प्रोजेक्ट ऑफिसर, एनएचएआई कोरबा

जिले की जनता को टोल टैक्स की मार झेलना पड़ रहा है। बिलासपुर से अंबिकापुर नेशनल हाईवे में 3 टोल प्लाजा लगे हैं। एक पाली के आगे लिमहा में और दूसरा मदनपुर रजकम्मा और तीसरा चोटिया क्षेत्र में है जिसमें मदनपुर और चोटिया की दूरी 30 किलोमीटर है। वहीं चोटिया से मदनपुर होते लिमहा की दूरी 81 किलोमीटर पड़ती है। इसके तहत मदनपुर रजकम्मा में टोल प्लाजा लगने से कोरबा से बिलासपुर जाने वाले वाहनों को मदनपुर रजकम्मा और लिमहा टोल प्लाजा में टैक्स पटाना पड़ता है जबकि दोनों की दूरी 30 किलोमीटर पड़ती है। इसके अलावा चांपा से कटघोरा तक एनएच की फोरलेन सड़क का काम पूरा नहीं हो सका है लेकिन उरगा चांपा के बीच ग्राम जमनीपाली में टोल प्लाजा लगाया गया है और दोनों के बीच की दूरी 38 किलोमीटर है और कटघोरा से चांपा की दूरी 65 से 78 किलोमीटर तक बताई गई है और उक्त सड़क का काम केवल करुमौहा तक ही हुआ है।

### स्कूल को जल जीवन मिशन से नहीं दिया गया नल कनेक्शन

# पीएचई का जलजीवन मिशन स्कूली छात्रों की प्यास बुझाने का नहीं बन सका जरिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बीते 5 साल से जिले में पीएचई विभाग की चल रही जनजीवन मिशन स्कूलों छात्रों की प्यास बुझाने का मिशन नहीं बन सका है। किसी

**खास बात**

- पंचायतों के भरोसे बुझ रही स्कूली बच्चों की प्यास

भी स्कूल को जल जीवन मिशन के तहत आज तक एक भी नल कनेक्शन नहीं दिया गया है। पंचायतों के द्वारा 15वें वित्त की मद से लगाए गए हैंडपंप से बच्चों की प्यास बुझ रही है। यह स्वयं सरकारी विभाग कहते हैं।

जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी 712 ग्रामों में ओवरहेड टैंक के निर्माण के साथ घर घर नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं। इसी के तहत स्कूलों को भी पेयजल की सुविधा देने के उद्देश्य से नल कनेक्शन देने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि इसका उल्लेख जल जीवन मिशन की गाइड लाइन में कहीं नहीं था लेकिन स्थानीय प्रशासन के द्वारा मौखिक निर्देश देकर स्कूलों में नल कनेक्शन देने के लिए पीएचई विभाग को कहा गया था किंतु मौखिक निर्देश होने के कारण पीएचई विभाग के द्वारा जिले के किसी भी प्राइमरी से लेकर मीडिल हायर सेकेण्डरी, हाईस्कूल को नल कनेक्शन देने का काम नहीं किया गया। आज भी ये स्कूल ग्राम पंचायतों के द्वारा लगाए गए हैंडपंपों से अपनी प्यास बुझा रहे हैं। जबकि दूरस्थ वनांचल क्षेत्र होने की वजह से किसी भी स्कूल में बिगड़े हैंडपंप को सुधारने में महीने भर का समय लग जाता है तब तक स्कूल के छात्र आसपास के घरों के पानी से अपनी प्यास बुझाते हैं या फिर गांव के सार्वजनिक कुएं में जाकर पानी पीते हैं। केंद्र सरकार की करोड़ों रुपए खर्च होने के बाद भी स्कूलों में नल कनेक्शन नहीं देने पर सवाल खड़े हो रहे हैं।




फाइल फोटो

**जेजेएम की गाइडलाइन में कनेक्शन का उल्लेख नहीं**

जल जीवन मिशन की जो गाइड लाइन जारी की गई है उसमें स्कूलों में नल कनेक्शन देने का उल्लेख नहीं है। इसलिए कनेक्शन नहीं दिया गया है। गाव के स्कूलों में नल कनेक्शन पंचायतों को अपने 15वें वित्त के मद से देना है।

**-रमन उरांव,** कार्यपालन अभियंता पीएचई

**जिले में संचालित हैं 1920 स्कूल**

जिले में शासकीय स्कूलों की संख्या 1920 है। इसमें शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में 2 सौ अधिक स्कूल संचालित हैं जिसमें कोरबा नगर निगम और कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र शामिल है। इन दोनों नगरीय निकायों के अधीन आने वाले स्कूलों में शासकीय स्कूलों को जल आवर्धन योजना से नल कनेक्शन दिया गया है। वहीं औद्योगिक परिक्षेत्र की कालोनियों में चलने वाली स्कूलों को औद्योगिक उपक्रमों के द्वारा पानी की सप्लाई की जाती है लेकिन मुश्किलें ग्रामीण अंचल के शेष 1500 स्कूलों के सामने आती है। जिन्हें पंचायतों के भरोसे पानी मिल पाता है।

**34 स्कूलों के हैंडपंप हैं खराब**

जिले के 34 स्कूल ऐसे हैं जिनके हैंडपंप गर्मी के दस्तक देते ही जवाब दे गए हैं। स्कूल प्रबंधकों ने शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर बिगड़े हैंडपंपों को सुधारने की मांग की है। नए शिक्षण सत्र की शुरुआत बुधवार से हो गई है और इन 34 स्कूलों के बिगड़े हैंडपंपों को नहीं सुधारा गया है। जबकि पूरे 30 दिन स्कूलों का संचालन होगा। ऐसे में इन 34 स्कूलों के छात्रों को पानी की समस्या झेलनी पड़ेगी।

**नहीं मिला है नल कनेक्शन**

जिले के किसी भी स्कूल को जल जीवन मिशन योजना से नल कनेक्शन नहीं दिया गया है। ग्राम पंचायतों के द्वारा लगवाए गए हैंडपंप से ही पानी की सुविधा मिल रही है।

**-टी पी उपाध्याय,** डीईओ

# गड़बड़ी, तीन मेडिकल दुकानों के लायसेंस किए गए निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला दंडाधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा दिये गये निर्देश के परिपालन में एवं सहायक औषधि नियत्रंक के मार्गदर्शन में औषधि विभाग के औषधि निरीक्षको के द्वारा जिले में

**खास बात**

- औषधि विभाग ने किया था दवा दुकानों का निरीक्षण

स्थित मेडिकल स्टोर्स में बिना प्रिस्क्रीपसन के प्रतिबंधित नशीली दवाओ औषधियो के व्यापार पर नियंत्रण हेतू औचक निरीक्षण की कार्यवाही किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विगत दिनों में हरदीबाजार स्थित अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर्स, पाली स्थित जीके मेडिकल स्टोर्स, बालको स्थित मिश्रा मेडिकल स्टोर्स, ओम सांई मेडिकल गोढी, भैसमा स्थित मेनन मेडिकल, जायसवाल मेडिकल, मोनिशा मेडिकल स्टोर्स, प्रिशा मेडिकल ढेलवाडीह, सोहागपुर स्थित गर्वित मेडिकल स्टोर्स एवं छुरी स्थित मारूति मेडिकल स्टोर्स की जांच की गयी थी एवं जांच के दौरान औशधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख मे अनियमितता पाये जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उक्त फर्मो मे से हरदीबाजार स्थित अन्नपूर्णा मेडिकल स्टोर्स, पाली स्थित जीके मेडिकल स्टोर्स, एवं सोहागपुर स्थित गर्वित मेडिकल स्टोर्स के द्वारा प्रस्तुत नोटिस का जवाब संतोषप्रद नही पाये जाने के कारण तीनो फर्मो का लाइसेंस का निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि के दौरान फर्म से औषधियो का क्रय विक्रय नही किया जाएगा। अन्य फर्मो के जवाब प्राप्ति उपरांत अग्रिम कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। औषधि नियम के अनुसार नशे के रूप में दुरूपयोग होने वाली औषधियो को बिना प्रिस्क्रीपसन के बिक्री किया जाना पूर्णरूपेण प्रतिंबंधित है। कोरबा जिले के समस्त ब्लाकों के मेडिकल स्टोर्स के नशीली दवाओं के अवैध विक्रय में नियंत्रण हेतू आगामी समय में इसी प्रकार औषधि विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चरणबद्व तरिकों से कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान जांच हेतु कोसबाडी, मडवारानी एवं ढेलवाडीह कटघोरा स्थित मेडिकल स्टोर्स से औषधि नमूनो का संकलन किया गया, जिसे परीक्षण हेतु राज्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया हैं। उक्त औषधि नमूनो की जांच परिणाम उपरांत नियमानुसार कार्यवाही किया जायेगा। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान खाद्य एवं औषधि विभाग के औषधि निरीक्षक उपस्थित थे।

# बीमार महिला के साथ पति के दोस्त ने किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक लगभग 35 वर्षीय महिला पीलिया की बीमारी से ग्रसित थी और खाट पर लेटी हुई थी। इस बीच महिला के पति का दोस्त घर पहुंचा और जबरन महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। घटना के बाद महिला ने इस मामले की शिकायत थाने में दर्ज करायी है जिसपर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार सलाखों के पीछे भेज दिया है। मामला सिविल लाईन थाना क्षेत्र का है यहां एक महिला बीमार होने की वजह से घर पर ही रहती थी और इस दौरान सोमवार की शाम जब



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

उसका पति रोजी-रोटी की तलाश में काम पर गया था, तब वह घर में खाट पर लेटी हुई थी। तभी आरोपी अर्जुन नेताम आया और उसके बच्चे को बहाने से कमरे से बाहर भेज दिया। जैसे ही बच्चे बाहर गए, उसने लाचार महिला के मुँह में कपड़ा ठूंस दिया ताकि उसकी चीखें बाहर न जा सकें। बेबस महिला बीमारी की वजह से विरोध भी न कर सकी और आरोपी ने

⏭ शेष पेज 2 पर

# उत्पादन, प्रेषण और ओबीआर में सकारात्मक वृद्धि दर्ज करने वाली पहली कंपनी बनी एसईसीएल


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में उल्लेखनीय उपलब्धि

**खास बात**

- 176 .2 मिलियन टन उत्पादन, 178 .6 मिलियन टन प्रेषण एवं 364 .3 एमसीयूम ओवरबर्डन में कंपनी ने दर्ज की वृद्धि

हासिल करते हुए कोल इंडिया लिमिटेड की एकमात्र ऐसी सहायक कंपनी के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जिसने कोयला उत्पादन, प्रेषण (आफटेक) तथा ओवरबर्डन निष्कासन (ओबीआर) तीनों प्रमुख मानकों में एक साथ सकारात्मक वृद्धि दर्ज की है।




फाइल फोटो

**कोयला गुणवत्ता एवं पारदर्शिता में सुधार**

कोयला गुणवत्ता (ग्रेड पुष्टिकरण) में सुधार करते हुए इसे 68 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया गया। डिजिटल प्रणाली डिजीकोल के माध्यम से रियल टाइम निगरानी एवं पारदर्शिता को सुदृढ़ किया गया जिसे सीवीसी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया। इसी तरह एसईसीएल द्वारा 511 आश्रितों को रोजगार प्रदान किया गया, जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है तथा पिछले वर्ष की तुलना में 24 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है। इसके अतिरिक्त 754 परियोजना प्रभावित व्यक्तियों को भी रोजगार उपलब्ध कराया गया तथा 42 माइनिंग सरदारों की नियुक्ति की गई।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में एसईसीएल का कोयला उत्पादन 176.2 मिलियन टन रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 5.26 प्रतिशत (8.8 मिलियन टन) अधिक है। कोयला प्रेषण 178.6 मिलियन टन रहा, जिसमें 4.6 प्रतिशत

⏭ शेष पेज 2 पर

**पारदर्शी क्रय एवं प्रशासनिक उत्कृष्टता**

सरकारी ई-बाजार (जेम) पोर्टल के माध्यम से रेकॉर्ड 25,799 करोड़ रुपये की खरीद की गई। एसईसीएल ने विशेष अभियान 5.0 में लगातार तीसरी बार शीर्ष स्थान प्राप्त किया। एसईसीएल देश की पहली कोयला सार्वजनिक उपक्रम बनी जिसने पेस्ट फिल तकनीक लागू की। औसतन 53.2 रेक प्रतिदिन कोयला प्रेषण के साथ परिवहन व्यवस्था को और सुदृढ़ किया गया। रेल कॉरिडोर परियोजनाओं के माध्यम से कोयला निकासी तंत्र को मजबूत किया गया।

**क्षमता विस्तार एवं नई परियोजनाएं**

पर्यावरण स्वीकृतियों के माध्यम से 2.16 मिलियन टन प्रति वर्ष अतिरिक्त क्षमता सुनिश्चित की गई, जबकि भावी विस्तार हेतु स्वीकृत संदर्भ शर्तों से 39.02 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता वृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ। नई परियोजनाओं में दुर्गापुर खुली खदान (10 मिलियन टन प्रति वर्ष) तथा अमृतधारा भूमिगत परियोजना को स्वीकृति प्राप्त हुई।

### महिलाओं के लिए बचपन की टिकट प्रतियोगिता का होगा आयोजन

# भागदौड़ भरी जिंदगी में महिलाओं को मिलेगा बचपन जीने का मौका : सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की महिलाओं को उनकी भागदौड़ भरी जिंदगी से कुछ पल निकालकर अपने बचपन को फिर से जीने का अवसर देने के उद्देश्य से एक अनोखे कार्यक्रम बचपन की टिकट का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में एक निजी होटल में प्रेसवार्ता आयोजित की गई।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय ने कहा कि सखी सहेली महिला समूह द्वारा आयोजित होने वाला यह विशेष कार्यक्रम 12 अप्रैल को शाम 4 बजे से 8 बजे तक अशोक वाटिका में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन खास तौर पर उन महिलाओं के लिए है, जो अपनी व्यस्त दिनचर्या में खुद को और अपने बचपन की खुशियों को कहीं पीछे छोड़ चुकी हैं। आज के तनावपूर्ण जीवन में महिलाएं अपने लिए समय नहीं निकाल पातीं और अधिकांश समय मोबाइल व जिम्मेदारियों में व्यतीत हो जाता है। ऐसे में बचपन का टिकट एक ऐसा मंच बनेगा, जहां महिलाएं अपने बचपन के खेल, मस्ती और यादों को फिर से जी सकेंगी। यह कार्यक्रम पूरी तरह सामाजिक और निशुल्क रहेगा, जिसमें किसी भी प्रकार की राजनीतिक भागीदारी नहीं होगी। आयोजकों ने स्पष्ट किया कि मंच केवल पुरस्कार वितरण के लिए रहेगा और सभी खेलों को खेल भावना से खेलने का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम में आकर्षक पुरस्कारों के साथ-साथ पांच प्रकार के सांत्वना पुरस्कार भी रखे गए हैं। प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य शहर की अधिक से अधिक महिलाओं तक यह संदेश पहुंचाना और उन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना रहा। बचपन का टिकट सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि खुद से फिर से जुड़ने का अवसर हैं। प्रेसवार्ता में जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, महापौर संजू देवी राजपूत, पार्षद नरेंद्र देवांगन, विकास अग्रवाल, हितानंद अग्रवाल उपस्थित रहे।



प्रेसवार्ता को संबोधित करतीं सुश्री सरोज पांडेय व अन्य।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक के सिर पर हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुरानी रंजीत को लेकर तीन युवकों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक युवक के सिर पर फावड़े के बेत से जानलेवा हमला कर दिया है। युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। वहीं मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंगापुर निवासी रघुवीर प्रसाद प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मोहल्ले में निवासी गौरव श्रीवास, अमर चौहान और भुवनेश्वर श्रीवास्तव ने मिलकर मंगलवार की रात को पुरानी रंजिश को लेकर उससे कहासुनी हो गई और देखते-देखते विवाद इतना बढ़ गया कि तीनों ने मिलकर रघुवीर प्रजापति के सिर पर फावड़ा के बेत से जानलेवा हमला कर दिया। जिसके बाद रघुवीर प्रजापति को उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में गौरव श्रीवास, अमर चौहान और भुवनेश्वर श्रीवास के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

## खबर संक्षेप

### सीढ़ी से गिरी किशोरी की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। घर के आंगन में सीढ़ी लगाकर लिपाई कर रही किशोरी अचानक नीचे गिर गई। दुर्घटना में गंभीर हुई किशोरी की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ओड़गी अंतर्गत ग्राम कर्री निवासी रविना सिंह आ. सहदेव सिंह (15 वर्ष) 28 मार्च को घर के आंगन में सीढ़ी लगाकर दीवार में लिपाई कर रही थी। इसी दौरान अचानक सीढ़ी से नीचे गिर गया जिससे अचेत हो गई। कुछ समय बाद होश आने पर परिजन ने घर में ही इलाज कराना शुरू कर दिया। 30 मार्च को जिला चिकित्सालय में जांच कराई तो एक्स-रे रिपोर्ट देने पर चिकित्सकों ने ऑपरेशन कराने की सलाह दी वहीं तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात किशोरी की मौत हो गई।

### नपा अध्यक्ष ने वन विभाग से की वन वाटिका में बच्चों के लिए झूला लगाने की मांग

**रामानुजगंज।** नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने शहर के वन वाटिका में बच्चों के लिए झूला एवं अन्य खेल सामग्री स्थापित किए जाने की मांग वन विभाग से की है। इस संबंध में उन्होंने वन विभाग से आवश्यक पहल करने की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि रामानुजगंज स्थित वन वाटिका जिले के प्रमुख पिकनिक स्पॉटों में से एक है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग परिवार के साथ घूमने और समय बिताने के लिए पहुंचते हैं। खासतौर पर छुट्टियों और सप्ताहांत के दिनों में यहां भारी भीड़ देखी जाती है। बड़ी संख्या में बच्चे अपने अभिभावकों के साथ वन वाटिका पहुंचते हैं। लोकप्रिय स्थल होने के बावजूद वन वाटिका में बच्चों के मनोरंजन के लिए पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। झूला, स्लाइडर या अन्य खेलकूद की सामग्री नहीं होने के कारण बच्चों को निराश होना पड़ता है। बच्चे किसी भी पिकनिक स्थल की रौनक होते हैं, लेकिन जब उनके लिए खेलने की व्यवस्था नहीं होती, तो उनका उत्साह कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि यहां झूला एवं अन्य खेल सामग्री स्थापित की जाती है, तो न केवल बच्चों को आनंद मिलेगा, बल्कि परिवारों के लिए यह स्थान और अधिक आकर्षक बन जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने वन विभाग से जनहित को ध्यान में रखते हुए वन वाटिका में बच्चों के लिए सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खेल उपकरण जल्द से जल्द लगाए जाने की मांग की है।

### देर रात कैफे होटल पुनः खोलने को लेकर विवाद युवकों ने व्यवसाई के साथ की मारपीट

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मोरभंज स्थित ट्री हाउस कैफे के संचालक अंबिकापुर मायापुर वार्ड नंबर 36 निवासी प्रार्थी फैज सिद्दीकी पिता फईयाज सिद्दीकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मंगलवार की रात करीब 8.30 बजे जब वह रोज की तरह अपना कैफे बंद कर रहे थे तभी दो युवक शुभम वैद्य और देव समद्दार कथित रूप से नशे में धुत्त होकर वहां पहुंचे। उन्होंने कैफे को दोबारा खोलने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। कैफे संचालक के मना करने पर गुस्से में आरोपियों ने गेट पर लात मारते हुए अश्लील गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। दोनों के बीच बहस होने के बाद प्रार्थी अपने भाई साकिब के साथ अपनी कार क्रमांक सीजी 15 डीजेड 7814 से घर के लिए निकल गया। तभी रास्ते में वही युवक उनकी कार का दोबारा पीछा करने लगे एवं ग्राम महावीरपुर संजयनगर में पिलखा ढाबा के पास गाड़ी रुकवाकर प्रार्थी कैफे संचालक एवं भाई के साथ मारपीट किये। रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने आरोपी शुभम वैद्य,देव समद्दार, आयुष समद्दार एवं अन्य साथियों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### 4 माह के पुत्र की हत्या करने वाली आरोपी माँ गिरफ्तार

**सूरजपुर।** 4 माह के मासूम पुत्र को पटकर हत्या करने वाली आरोपी मां को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी महिला के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक जिला चिकित्सालय के सिक्यूरिटी गार्ड चंदलाल आ. रामलखन द्वारा पुलिस सहायता केन्द्र जिला चिकित्सालय में 25 मार्च को उपस्थित होकर मृतक ग्राम जयपुर निवासी हंसराज आ. सूनसाय प्रजापति (4 माह) के मृत्यु के संबंध में पुलिस को बताया। पुलिस ने शून्य में मर्ग कायमी कर शव का पीएम कराया गया और घटना स्थल ग्राम जयपुर चौकी सलका उमेश्वरपुर का होने से मर्ग डायरी अग्रिम जांच हेतु वहां भेजी। इधर चौकी सलका उमेश्वरपुर पुलिस ने जांच के दौरान गवाहों के कथनों, पीएम रिपोर्ट का अवलोकन किया गया जो जांच में पाया गया कि घटना के दिन 25 मार्च की सुबह बृन्दावती अपने घर से लगा भसुर के घर के सामने अपने 4 माह के पुत्र हंसराज को गोद में ली थी। बच्चा रो रहा था,वही रोड के दूसरे तरफ उसका पति सूनसाय कोटवार के घर के सामने खड़ा होकर कोटवार के लड़के से बातचीत कर रहा था। सुनसाय वहीं से देखा कि पुत्र हंसराज के रोने पर आरोपियां अत्यधिक क्रोधित होकर जान बुझकर हंसराज को जमीन पर जोर से पटक दी फिर बच्चे को उठाकर सुनसाय के पास लाकर उसको गोद में दे दी। बच्चे को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय ले जाकर भर्ती कराया जहां इलाज दौरान हंसराज की मृत्यु हो गई। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतक बच्चे के सिर में गंभीर चोट लगने से मृत्यु होना लेख किए जाने तथा आरोपियां द्वारा हंसराज के रोने पर अत्यधिक क्रोधित होकर जमीन पर जानबुझकर पटकने के कारण सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो जाने पर पुलिस ने आरोपी मां के विरूद्ध धारा 103(1) के तहत मामला दर्ज किया।

## हसदेव नदी तट पर होगा हनुमान चालीसा का पाठ, शाम को आरती का आयोजन

# चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर जगह- जगह आज मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर आज हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। कुदुरमाल सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर से लेकर कोसाबाड़ी हनुमान मंदिर सहित नमामि हसदेव समिति के द्वारा हसदेव नदी तट पर हनुमान चालीसा पाठ और शाम को हसदेव आरती की जाएगी।

हनुमान जयंती के अवसर पर विभिन्न संस्थाओं व समितियों के द्वारा शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक अखण्ड रामायण व हनुमान चालीसा के पाठ के साथ दोपहर व शाम को भंडारे का आयोजन किया गया है। बालको नेहरु नगर के दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहु के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव धुमधाम के साथ मनाया जावेगा। श्री साहु ने बताया कि वार्ड क्र.44 नेहरू नगर में स्थापित दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को सुबह 9 बजे से पूजा अर्चना हवन किया जावेगा तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से भण्डारा प्रसाद का वितरण किया जावेगा। वहीं नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा श्री हनुमान प्राकट्योत्सव एवं चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर 2 अप्रैल को विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 11 बजे श्री हनुमान पूजन, श्री हनुमान प्राकट्योत्सव एवं हनुमान चालीसा का 108 बार पाठ किया जाएगा। इसके पश्चात सायं 6 बजे माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भव्य हसदेव आरती संपन्न होगी। इसी तरह हनुमान जन्मोत्सव समिति हरदीबाजार के तत्वावधान में गुरुवार सांय 4 बजे से सप्तदेव मंदिर प्रांगण में विशाल भण्डारा का आयोजन किया गया है। इससे पूर्व सभी हनुमान भक्तों के द्वारा हनुमान जी का सामुहिक सुंदरकांड पाठगायन व महा आरती की जाएगी तत्पश्चात भंण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

### उतरदा लोटनापारा में भव्य शोभायात्रा

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर उतरदा आदर्श नगर बजरंग चौक लोटनापारा में सुबह 11 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ नव निर्मित मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा व विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। इस धार्मिक अनुष्ठान में गांव व क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों को आकर पुन्य के भागीदार बनने का आग्रह किया गया है।

### बजरंग चौक सराईसिंगार में भोग का होगा वितरण

मां दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड हरदीबाजार एवं हनुमान भक्तों के द्वारा 2 अप्रैल हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर संकट मोचन हनुमान मंदिर बजरंग चौक सराईसिंगार में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जी की विशेष पूजा पाठ के उपरांत दोपहर 12 बजे खीर पूडी ,बूंदी प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

### हसदेव आरती एवं हनुमान चालीसा होगा पाठ



नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा कोरबा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी, उसकी सहायक नदियों एवं अन्य प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा तटों के सौंदर्यीकरण हेतु निरंतर जनजागरण और धार्मिक-सामाजिक गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में प्रत्येक माह की पूर्णिमा को सायं 6 बजे माँ सर्वमंगला मंदिर घाट, कोरबा में नियमित रूप से हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है। समिति द्वारा इस माह श्री हनुमान प्राकट्योत्सव एवं चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर 2 अप्रैल को विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 11 बजे श्री हनुमान पूजन, श्री हनुमान प्राकट्योत्सव एवं हनुमान चालीसा का 108 बार पाठ किया जाएगा। इसके पश्चात सायं 6 बजे माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भव्य हसदेव आरती संपन्न होगी। इस आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में शिवशंकर अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। वहीं विशिष्ट यजमान के रूप में जय नारायण देवांगन मनीष कुमार मिश्रा ईश्वर पटेल एवं रामकुमार साहू की उपस्थिति रहेगी।

## श्रीमद् भागवत संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म हैं : देवकृष्ण



श्रीमद भागवत कथा के दौरान निकाली गई झांकी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा नगर के रविशंकर शुक्ल नगर में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। जहां भागवत सप्ताह यज्ञ में सत्संग लाभ के साथ भगवान की कथा और संकीर्तन का लाभ प्रतिदिन सैकड़ों श्रोता प्राप्त कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा के ब्यास पंडित देव कृष्ण शर्मा ने श्रोताओं को बताया कि श्रीमद् भागवत संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए यह सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म है। भगवान के विविध लीलाओं का और अवतारों का इतिहास और संहिता भी यही है। संसार के लोगों को भागवत से भक्ति ज्ञान वैराग्य और तप का पुण्य फल प्राप्त होता है। भागवत श्रवण का पुण्य लाभ भगवान का भक्त बनना। और जीवन को भागवत पारायण बनाना है। भक्ति करके ही हम मुक्ति। और सद्गति के अधिकारी बन सकते हैं। भागवत महापुराण गर्जना करके कहता है कि मुझे आत्मसात करो मैं तुम्हें सद्गति प्रदान करूंगा। इसी श्रीमद्भागवत का आश्रय लेकर भक्ति देवी के दोनों बेटे ज्ञान और वैराग्य को किशोर अवस्था की प्राप्ति हुई उनकी जरवस्था दूर हुई थी। 5 वर्ष के बालक ध्रुव को भगवान साक्षात मिले थे। आचार्य देव कृष्ण महाराज ने बताया कि अपने भक्त का मान बढ़ाने के लिए भगवान खंबे से भी प्रकट हो जाते हैं। भगवान भक्ति के वशीभूत होते हैं। भक्ति हर व्यक्ति के हृदय में प्रवेश नहीं करती। भक्ति चाहे तो 5 वर्ष के बालक के मन में प्रवेश करे नहीं तो अस्सी साल के दादाजी को भी भक्ति नहीं होती। भक्ति जहां चाहता है भगवान में वही आते हैं आवश्यकता है। भागवत केवल भगवान की कथा नहीं है यह संहिता तो भगवान के भक्तों की कथा से परिपूर्ण है।

# पीडीएस दुकान की समय सीमा बढ़ाने हितग्राही शासन से लगा रहे गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय उचित मूल्य की दुकानों पर 31 मार्च को अंतिम वितरण दिन होने के कारण रात 10 बजे तक राशन दुकान में हितग्राहियों की भीड़ लगी रही। बुजुर्ग, महिलाएं, पुरुष सभी सुबह से लेकर देर रात तक चावल शक्कर नमक एवं चना पाने के लिए लाइन पर लगकर अपने पारी आने का इंतजार करते रहे। वहीं दुकान संचालक विक्रेता भी सेवा देते हुए किसी का राशन न छूट जाए यह सोचते हुए 10 बजे रात तक लोगों को चावल वितरण करते रहे।

**खास बात**

- चावल, शक्कर, नमक, चना पाने के लिए देर रात तक हितग्राहियों की लगी रही भीड़



पीडीएस दुकान में राशन लेते हितग्राही।

यह मामला पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत हरदीबाजार व भलपहरी का है। जहां राशन दुकान के संचालक विक्रेता लम्बोदर राठौर, रामप्रसाद यादव व प्रहलाद राठौर ने हितग्राहियों को राशन देने वितरण करते रहे लेकिन उसमें से हरदीबाजार में लगभग 300 तो भलपहरी में 200 हितग्राही चावल चना शक्कर नमक पाने के लिए वंचित रह गए यह मामला इसलिए पैदा हुआ कि सोसाइटी में राशन सामान सही समय में नहीं पहुंची साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा 21-25 मार्च तक दुकान बौद रखा गया था। हितग्राहियों को दो महीने का चावल, शक्कर, चना, नमक मिला है बीच में चावल खत्म हो जाने राशन खत्म हो जाने से एवं सही समय में भंडारण नहीं होने से राशन दुकान तक समान चावल शक्कर चना नमक नहीं पहुंचने यह स्थिति निर्मित हुई है। अब यदि समय नहीं बढ़ी तो हितग्राही लाभान्वित नही हो पाएंगे। हितग्राही राशन पाने से वंचित रह गया। इसके लिए लोगों ने आवाज उठाई है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राशन सामान देने के लिए और तारीख बढ़ाया जाए ताकि बचे हुए हितग्राहियों को भी उसकी राशन मिल सके।

# साडा कॉलोनी और तालाब मोहल्ला में सड़क मरम्मत कार्य शुरु



सड़क मरम्मत कार्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बालको के वार्ड क्रमांक 39 में विकास कार्यों को गति देते हुए साडा कॉलोनी और तालाब मोहल्ला में सड़क मरम्मत कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया है। यह कदम क्षेत्र के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। स्थानीय निवासियों को लंबे समय से जर्जर सड़क और इसके कारण होने वाले जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। सड़क की मरम्मत होने से न केवल बारिश के दिनों में जमा होने वाले पानी से मुक्ति मिलेगी, बल्कि आम जनता का आवागमन भी सुगम और सुरक्षित हो जाएगा। पार्षद राठौर ने कहा कि वार्ड की हर बुनियादी समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकता है और विकास का यह क्रम आगे भी जारी रहेगा।

# पीएफ के डिमांड को लेकर 2 सौ से अधिक सब स्टेशन कर्मी हड़ताल पर, बढ़ा टेंशन



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में छत्तीसगढ़ बिजली वितरण कंपनी के अंतर्गत चल रहे 55 सब स्टेशनों से कांट्रैक्ट ऑपरेटर बेमुद्दत हड़ताल पर चले गए। सब स्टेशन कर्मियों को लंबे समय से पीएफ की राशि नहीं मिली है जिसके चलते कर्मचारी अवकाश पर चले गए हैं जिससे विद्युत विभाग के अधिकारियों का टेंशन बढ़ गया है क्योंकि गर्मी बढ़ने से लगातार सब स्टेशनों में लोड बढ़ गया है। हालांकि अधिकारियों ने सब स्टेशन में बिजली कर्मचारियों को तैनात किया है।

जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के अंतर्गत कार्यरत कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों में ईपीएफ राशि जमा न होने को लेकर गहन आक्रोश व्याप्त है। कार्यपालन अभियंता, नगर संभाग कोरबा/कटघोरा को पत्र प्रेषित कर कर्मचारियों ने इरादे साफ किए है। जनवरी माह में आश्वासन दिया गया था कि फरवरी तक सभी कर्मचारियों की ईपीएफ राशि उनके खातों में जमा कर दी जाएगी। इसके लिए अधीक्षण अभियंता के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी हुई थी। कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष ललित किशोर बरेठ और एमएल तिवारी ने हैरानी जताई है कि आज तक किसी भी कर्मचारी के खाते में ईपीएफ की राशि जमा नहीं की गई है। लगभग दो वर्ष बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से उनमें भारी नाराजगी है। दो वर्ष की यह राशि लगभग लाखों की होती है। पूर्व में घोषित सामूहिक अवकाश, जिसे स्थगित कर दिया गया था, उसे पुनः 1 अप्रैल 2026 से यथावत लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिले के सभी 33/11 के.वी. सब स्टेशनों के ऑपरेटर इस दौरान सामूहिक अवकाश पर चले गए। जिसकी वजह से सब स्टेशन काम बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है।

### शहर की बार बार बंद होती रही बिजली

तुलसी नगर जोन के सब स्टेशन के 7 फीडर से शहर के आधे हिस्से में बिजली सप्लाई की जाती है। इनमें टीपी नगर व गायत्री मंदिर फीडर में बिजली सप्लाई व्यवस्था चरमरा गई है। हफ्तेभर से ट्रिपिंग की समस्या बढ़ी है। लोकल फाल्ट और डीओ कटने की समस्या अधिक है। गर्मी में शहर के व्यवसायिक क्षेत्र टीपी नगर में बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। बुधवार की शाम लगातार टीपी नगर क्षेत्र में बिजली की आंख मिचौली जारी रही। वहीं आने वाले दिनों में मौसम फिर एक बार करवट बदलेगा। इससे खासी परेशानी हो सकती है। कर्मचारियों के हड़ताल में जाने से मेन पावर की कमी हो रही है और अधिकारियों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

### प्री बीएड और डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**कोरबा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा सत्र 2026-27 के लिए द्विवर्षीय बीएड एवं डीएलएड (दूरवर्ती) पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विश्वविद्यालय ने प्री. बी.एड. और प्री. डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। 25 मार्च से 12 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा के बाद अनंतिम परिणाम 10 जुलाई को घोषित किए जाने की संभावना है। इस सूची पर 10 से 12 जुलाई तक आपत्तियां ली जाएंगी।

## श्रम नीति का विरोध जताने काले फीते के साथ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल दीपका क्षेत्र में बुधवार को नए चार श्रम कोड कानून के विरोध में यूनियन के सदस्यों ने काला कपड़ा पहनकर एवं काला फीता लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान श्रमिकों ने चार श्रम कानून वापस लो के नारे लगाते हुए विभिन्न एमटीके और वर्कशॉप में जाकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शन में एचएमएस, एटक, इंटक और सीटू संगठनों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मजदूर शामिल हुए। श्रमिकों ने एकजुट होकर सरकार से नए श्रम कोड को वापस लेने की मांग की और श्रमिक हितों की रक्षा पर जोर दिया। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों में तरुण राहा, विनोद यादव, डीएल टंडन, श्यामलाल खूंटे, अजय राठौर, राजकुमार राठौर, भरत लाल कुर्रे, संतोष पटेल, संतोष सोनवाने, अजय सेंगर, संदीप मिश्रा, संतोष चंद्राकर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### कार की बोनट पर तलवार से काटा केक, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा।** पड़ोसी जिले से पहुंचे युवकों ने कार के बोनट में केक रखकर तलवार से केक काटना भारी पड़ा है। पुलिस ने कुछ युवकों को गिरफ्तार किया और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। बताया जाता कि मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत हेलीपैड मैदान में देर रात कुछ युवक और युवतियां दो लग्जरी कारों में जन्मदिन का जश्न मना रहे थे। उन्होंने गाड़ी पर साउंड बॉक्स लगाकर डांस किया और फिर एक कार के बोनट पर केक रखकर लगभग 5 फीट लंबी धारदार तलवार से उसे काटा। इस घटना का वीडियो बनाकर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मानिकपुर चौकी पुलिस को इसकी जानकारी मिली। पुलिस को इसकी जानकारी मिली तो पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचा और युवक-युवतियों ने तलवार को गाड़ी में छिपा दिया। तलाशी लेने पर तलवार जब्त कर लिया है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बीमार महिला...

उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया जिसके बाद महिला को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। घटना सामने आने के बाद पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और उसके बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी अर्जुन नेताम के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जेल भेज दिया है।

### उत्पादन, प्रेषण...

(7.9 मिलियन टन) की वृद्धि दर्ज की गई। रेल माध्यम से प्रेषण में 16 प्रतिशत वृद्धि हुई, जबकि एफएमसी के माध्यम से प्रेषण में 28 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई। 364.3 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवरबर्डन निष्कासन के साथ एसईसीएल ने अब तक का सर्वाधिक ओबीआर दर्ज किया। भूमि अधिग्रहण में ऐतिहासिक प्रगति करते हुए 358 हेक्टेयर भूमि अर्जित की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 867 प्रतिशत वृद्धि है। एसईसीएल ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। वर्ष के दौरान 13.96 लाख पौधरोपण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया गया तथा मियावाकी पद्धति के माध्यम से सघन वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया गया। 43.78 मेगावाट सौर ऊर्जा क्षमता स्थापित कर लगभग 41,200 टन कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई गई। इसके अतिरिक्त 408 लाख किलोलीटर खदान जल का उपयोग कर 38 सौ से अधिक हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुनिश्चित की गई।

## कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# सब सुख लहै तुम्हारी सरना, तुम रक्षक काहू को डरना

# हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष





























## खबर संक्षेप

### कोलाहल अधिनियम का पालन नहीं करने वालों पर होगी कार्यवाही

**कोरबा।** इन दिनों महाविद्यालयों और स्कूलों की परीक्षाएं जारी हैं। एक ओर जहां छात्र छात्राएं अपने भविष्य को संवारने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर और आसपास के क्षेत्रों में हो रहे विभिन्न आयोजन उनके लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। कोलाहल (ध्वनि प्रदूषण) अधिनियम के नियमों की अनदेखी के चलते लाउडस्पीकर, डीजे और तेज ध्वनि वाले कार्यक्रमों से विद्यार्थियों की पढ़ाई और परीक्षा की तैयारी प्रभावित हो रही है। शहर के कई इलाकों में देर रात तक धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन आयोजनों में तेज आवाज में गाने और उद्घोषणाएं की जा रही है, जिससे आसपास रहने वाले छात्रों को एकाहता बनाए रखने में कठिनाई हो रही है। खासकर कालेज और स्कूली बच्चे परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं। विद्यार्थियों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो गई है। अभिभावकों का कहना है कि परीक्षा के इस महत्वपूर्ण समय में प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतनी चाहिए और कोलाहल अधिनियम का सख्ती से पालन कराना चाहिए। कई पालकों ने शिकायत करते हुए बताया कि रात 10 बजे के बाद भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग जारी रहता है तो कोलाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### परीक्षा के बाद शिक्षक घर-घर पहुंचकर जुटाएंगे डाटा

**कोरबा।** भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों के बीच, जब स्कूल बंद रहेंगे, तब प्रदेश के हजारों सहायक शिक्षक और शिक्षक घर-घर जाकर डेटा जुटाने का काम करेंगे। शिक्षा विभाग ने सभी शिक्षकों की सूची सौंप दी है, जिसके बाद अब ड्यूटी और ट्रेनिंग का चार्ट तैयार हो गया है। शिक्षक 1 मई से जनगणना के कार्य में लग जाएंगे। आगामी जनगणना को लेकर शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है। इस बार सहायक शिक्षकों और शिक्षकों को प्रगणक के रूप में तैनात करने की तैयारी पूरी हो चुकी है। शिक्षा विभाग ने अपने अंतर्गत आने वाले सभी सहायक शिक्षकों और शिक्षकों का डेटा संकलित कर तहसील कार्यालयों को भेज दिया है। जनगणना का कार्य तकनीकी और संवेदनशील होता है, इसलिए इसे चरणों में पूरा किया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर्स की ट्रेनिंग शुरू हो गई है। शिक्षकों की ड्यूटी जनगणना कार्य में एक मई से लगेगी। इस बार की जनगणना कागज-पेन तक सीमित नहीं है। शिक्षकों को विशेष मोबाइल ऐप की ट्रेनिंग दी जा रही है, जिससे डेटा सीधा सर्वर पर अपलोड होगा।

### इस माह में दिखेंगे मौसम के अलग-अलग रंग, मौसम विभाग अलर्ट

**कोरबा।** महीने के पहले पखवाड़े में जहां पारा सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक होकर 38 डिग्री तक पहुंच गया था, वहीं आखिरी दिन मंगलवार को 35 डिग्री पर आ गया। यह सामान्य से कम रहा। बीते दिनों हल्की बूंदाबांदी ने भी दिनभर मौसम को खुशनुमा बनाए रखा, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। कहीं-कहीं धूलभरी तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अप्रैल में भी यही आंख-मिचौली जारी रहेगी। कभी बादल, कभी बारिश और बीच-बीच में तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने बताया कि 1 से 7 अप्रैल तक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय रहेगा। आसमान में बादल छाए रहेंगे और 4 अप्रैल से बारिश बढ़ेगी। 5 अप्रैल के बाद मौसम सुहावना रहेगा और तापमान औसत से कम रहेगा। बाद में पारा बढ़ेगा। 8 से 14 अप्रैल के बीच द्रोणिका का असर 2-3 दिन तक रहेगा। 11-12 अप्रैल के बाद तापमान धीरे-धीरे बढ़ेगा। हल्की बारिश भी हो सकती है, लेकिन गर्मी का दबाव लगातार बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। 15 से 22 अप्रैल के दौरान शुरुआत में तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। हफ्ते के अंत में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो सकता है, जिससे तापमान 2-3 डिग्री गिरेगा। दिन में राहत मिलेगी, पर रात में गर्मी रहेगी। 23 से 30 अप्रैल के बीच गर्मी चरम पर पहुंच सकती है। तापमान 44 डिग्री तक सकता है। इस दौरान लू चलने की संभावना रहेगी। सावधान रहना होगा।

# लागू हुआ नया श्रम कानून, सैलरी से लेकर ओवरटाईम के बदलेंगे नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

देश में श्रमिकों और कंपनियों के लिए बड़ा बदलाव होने जा रहा है। एक अप्रैल से नए श्रम कानून लागू कर दिए गए हैं। नए श्रम कानून के लागू होने के बाद कर्मचारियों की सैलरी, ओवरटाइम, काम के घंटे और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े नियमों में बड़े बदलाव की संभावना है। केंद्र सरकार चारों लेबर कोड के नियमों को अंतिम रूप दे दिया है। जिनका असर कर्मचारियों और कंपनियों पर पड़ेगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 44 पुराने श्रम कानूनों को सरल बनाकर चार प्रमुख कोड, सामाजिक सुरक्षा कोड, औद्योगिक संबंध कोड और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति कोड में वेतन कोड को समाहित किया है। इनका उद्देश्य श्रम कानूनों को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाना है। नए नियमों के तहत काम के घंटे फिलहाल 8 घंटे प्रतिदिन और 48 घंटे साप्ताहिक ही रहेंगे, लेकिन कार्य व्यवस्था को अधिक लचीला बनाया जाएगा। कंपनियां कर्मचारियों को फ्लेक्सिबल वर्किंग ऑप्शन दे सकेंगी। ओवरटाइम को भी व्यवस्थित किया गया है, जिससे कर्मचारियों को अतिरिक्त काम के लिए उचित भुगतान मिलेगा और कंपनियों को जरूरत के अनुसार काम का प्रबंधन करने में आसानी होगी। सरकार का लक्ष्य मार्च 2026 तक करीब सौ करोड़ श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाना है। अभी यह संख्या लगभग 94 करोड़ है। नए कोड के तहत असंगठित क्षेत्र, गिग वर्कर्स, प्लेटफॉर्म वर्कर्स और स्वरोजगार करने वाले लोगों को भी शामिल किया जाएगा।

## काम के घंटे और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े नियमों में होगा बदलाव



### फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट होगा लागू

एटक के श्रमिक नेता दीपेश मिश्रा ने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा नये श्रम कानून लागू कर दिए गए हैं। इस नियम के तहत अब फिक्स्ड टर्म एम्प्लॉयमेंट दिया जाएगा। मतलब साफ है कि अगर खदान में 10 साल कोयला होगा तो कंपनी निश्चित अवधी रोजगार नियम के तहत केवल दस साल के लिए ही नौकरी देगा। इसी तरह काम की अवधी भी 8 घंटे से अधिक बढ़ाई जा सकती है। इसके अलावा जेबीसीसीआई सहित अन्य कमेटी जिनमें वेज एग्रीमेंट होता था वह अब बंद हो जाएगा। कंपनी खुद वेज का निर्धारण करेगी। इसके लिए ना ही कोई चर्चा होगी और ना मोलभाव किया जा सकेगा।

## महिलाओं और कर्मचारियों के लिए नए अधिकार

सभी कर्मचारियों को अपॉइंटमेंट लेटर देना अनिवार्य होगा। समान काम के लिए समान वेतन सुनिश्चित किया जाएगा। महिलाएं सुरक्षा प्रबंधों के साथ सभी शिफ्टों में काम कर सकेंगी। 40 वर्ष से अधिक उम्र के कर्मचारियों को मुफ्त वार्षिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। नए श्रम कानूनों में ओवरटाइम और कार्य व्यवस्था को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाया गया है। इससे उद्योगों को काम के उतार-चढ़ाव को संभालने में मदद मिलेगी और कर्मचारियों को अतिरिक्त काम के लिए बेहतर मुआवजा मिलेगा।

## तीन यात्रियों को आयी मामूली चोट, चालक के खिलाफ अपराध दर्ज, ट्रेलर जब्त

# नशे में धुत ट्रेलर के चालक ने बस को मारी टक्कर

# बस चालक की तत्परता से बाल बाल बचे यात्री



दुर्घटनाग्रस्त बस।





दुर्घटनाकारित ट्रेलर वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पड़ोसी जिले से सवारी लेकर एक बस कोरबा के लिए रवाना हुई थी कि बीच रास्ते में पहुंची थी कि सामने आ रही एक ट्रेलर का चालक नशे में धुत्त था जिसने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बस को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बस के चालक ने तत्परता दिखाई और बस को साइड किया जिससे का एक हिस्सा ही क्षतिग्रस्त हुआ और इस घटना में दो लोगों को गंभीर चोट लगी है जबकि अन्य यात्रियों को मामूली चोट आयी है। घटना के बाद पुलिस ने ट्रेलर को जब्त कर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत पेंड्रा से कोरबा आ रही जयश्री राजपूत कंपनी की यात्री बस क्रमांक सीजी 10 बीजी 1600 जैसे ही ग्राम लैंगा पास पहुंची थी कि एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 10-1301 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन को चलाते हुए यात्री बस को विपरीत दिशा से ठोकर मारते हुए निकल गई। पसान थाना प्रभारी एसआई चन्द्रपाल खाण्डे ने बताया कि यह दुर्घटना ग्राम लैंगा के पास बांस प्लान्ट मार्ग में हुई। यात्री बस पेंड्रा से आकर कोरबा की ओर जा रही थी और दुर्घटना स्थल मार्ग में एक ट्रेलर क्रमांक सीजी 10-1301 दुर्ग से आकर मध्यप्रदेश की ओर जा रही थी। ट्रेलर में रेलवे का निर्माण संबंधी लोहा सामग्री लोड था जिसका कुछ हिस्सा बाहर की ओर निकला था। मार्ग से बस और ट्रेलर के अगल-बगल से गुजरने के दौरान उक्त लोहे का निकला हुआ हिस्सा बस को रगड़ते हुए निकल गया जिसके कारण चालक की तरफ से बस का लगभग आधा हिस्सा बीच से उखड़ गया। दुर्घटना में ग्राम पत्थर फोड़ पसान निवासी परसिया बाई को गंभीर चोट आयी है। शेष अन्य दो यात्रियों को मामूली चोटें आयी हैं। दुर्घटना में बस चालक पंकज यादव की रिपोर्ट पर ट्रेलर चालक सौरभ पटेल के विरुद्ध धारा 281, 125 (ए) तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर ट्रेलर वाहन को जप्त कर लिया गया है।

## ट्रेलर ने बाइक चालक को मारी ठोकर, गंभीर

हादसों का ब्लैक स्पॉट बन चुके कोरबा कुसमुंडा मार्ग अंतर्गत वैशाली नगर खम्हरिया मोड में बुधवार की दोपहर फिर एक हादसा हो गया। जिसमें पेट्रोल टंकी के पास विपरीत दिशा में जाने मूड रही ट्रेलर में एक बाइक सवार से भिंड़त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक के पैर में गंभीर चोट लगी। घटना की सूचना मिलते ही कुसमुंडा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को कोरबा रेफर किया जा रहा है। वहीं लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहे चालक को वाहन सहित थाने ले जाया गया है। घायल युवक का नाम देव वशिष्ठ बताया जा रहा है जो कि दीपका का रहने वाला है। मामले में पुलिस ने ट्रेलर चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

## अंधेरा व अंधा मोड़ दे रहा दुर्घटना को आमंत्रण

एसईसीएल गेवरा खदान विस्तार के लिए भठोरा की जमीन अधिग्रहण कर मुख्य सड़क की खोदाई करने से पूर्व गेवरा प्रबंधन ने भिलाईबाजार तालाब मोड़ से नराईबोध के आगे मुख्य मार्ग लगभग 5 किमी लंबी सूनसान और इस सड़क में कई अंधे मोड़ जो दुर्घटना को निमंत्रण दे रही है। ग्रामवासियों व कई संगठनों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता, अंधे मोड़ व रात में बिजली व्यवस्था बिना चलना सीधा दुर्घटना को निमंत्रण देने जैसा है। इन विरोधों के बाद भी सड़क में आवागमन शुरू कर खदान विस्तार कर मुख्य सड़क की खुदाई शुरू की। तब से बाईपास मार्ग में व्यवस्थित बिजली की व्यवस्था भी की गई थी लेकिन यह कुछ दिनों से रात में स्ट्रीट लाईट बंद रहता है। जिससे सड़क पूरी तरह अंधेरा व सुनसान रहता है जिसके कारण कभी भी दुर्घटना हो सकती है।



### कोयला के राखड़ से राहगीर हो रहे परेशान

**कोरबा।** रेलवे स्टेशन कोरबा की सेकेंड एंट्री सड़क पर उड़ती कोल डस्ट से राहगीर परेशान है। मार्ग से शहरवासी कोरबा रेलवे स्टेशन की ओर आवाजाही करते हैं। कोल साइडिंग के कारण भारी वाहनों की मार्ग पर आवाजाही होती है। सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं कराया जाता है। खासकर सुबह और शाम को यात्री ट्रेनों की स्टेशन से छूटने व पहुंचने के समय सड़क पर पानी का छिड़काव जरूरी हो गया है। क्योंकि इस समय सड़क पर आवाजाही बढ़ जाती है। स्टेशन के पास निर्मित वाहन पार्किंग में खुले आसमान के नीचे गाड़ियां खड़ी करते हैं, इस कारण वाहन में कोल डस्ट चिपकने से यात्री परेशान होते हैं।

### कोयला पेंशन में तत्काल संशोधन की मांग

**कोरबा।** कोयला क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन में संशोधन की मांग को लेकर कोल इंडिया लिमिटेड और सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन व निदेशकों के 75 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हस्तक्षेप करने की अपील की है। प्रधानमंत्री के नाम जारी ज्ञापन में कहा गया है कि कोयला क्षेत्र के लगभग 5 लाख सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्षों से पेंशन संशोधन का इंतजार कर रहे हैं। सेवानिवृत्ति के समय तय की गई पेंशन आज भी बिना किसी महंगाई समायोजन के जस की तस बनी हुई है, जिससे पेंशनभोगियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व अधिकारियों ने कहा कि देश की 55 प्रतिशत से अधिक व्यावसायिक ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में कोयला क्षेत्र की अहम भूमिका है।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राज्यपाल रमेन डेका कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ढपढप-बांकीमोंगरा में आयोजित दिव्य श्री हनुमंत कथा एवं 108 दिव्यांग एवं निर्धन कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों से भेंट की और उनके सुखमय जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। इस दौरान उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को सम्मान स्वरूप 5 हजार रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा भी की। राज्यपाल श्री डेका से कथावाचक पं. धीरेंद्र शास्त्री ने भी सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत सहित अन्य अधिकारी एवं आयोजन समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। राज्यपाल रमेन डेका ने ग्राम ढपढप में कार्यक्रम स्थल पर एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण भी किया।

**खास बात**

- बागेश्वरधान कथा में उमड़ा जनसैलाब, 383 लोगों ने की घर वापसी



सामूहिक विवाह में उपस्थित महामहिम राज्यपाल।

जिले में आयोजित बागेश्वर धाम कथा के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की घर वापसी हुई है। कथा के दौरान 583 लोगों ने सनातन धर्म अपनाया, जिनमें एक मुस्लिम परिवार भी शामिल बताया जा रहा है। ढपढप क्षेत्र में आयोजित 5 दिवसीय कथा के चौथे दिन पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दिव्य दरबार में भारी भीड़ उमड़ी। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में 2 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। दरबार में महिलाओं और पुरुषों को झूमते हुए देखा गया, वहीं भूत-प्रेत बाधा से पीड़ित लोगों के उपचार और समस्याओं के समाधान का भी दावा किया गया।

कथा के दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने धर्मांतरण के मुद्दे पर कड़ा संदेश देते हुए कहा कि वे हिंदुओं को न कटने देंगे, न बंटने देंगे और न मिटने देंगे। उन्होंने कहा कि लालच में धर्म बदलने वाले कई लोग अब पुनः सनातन धर्म की ओर लौट रहे हैं। इस दौरान एक भावुक दृश्य भी सामने आया, जब पाली मुनगाडीह निवासी एक गरीब बुजुर्ग ने अपनी आर्थिक स्थिति कमजोर होने की बात कही। इस पर पंडित शास्त्री ने तत्काल 50 हजार रुपए की सहायता दी और उपस्थित जनप्रतिनिधियों व यजमानों से सहयोग की अपील की। इसके बाद बुजुर्ग को कुल 1 लाख 20 हजार रुपए की मदद दी गई। साथ ही उसे सुरक्षित घर पहुंचाने की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के दौरान पंडित शास्त्री ने लोगों से जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान किया और कहा कि समाज को सेवा और सहयोग की भावना से आगे बढ़ना चाहिए।

### हितग्राहियों को प्रदान की गई भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र

**गेवरा दीपका।** राज्य शहरी विकास अभिकरण के अनुसार नगर पालिका परिषद दीपका में प्रधानमंत्री आवास योजना (मोर ज़मीन मोर मकान) अंतर्गत कुल 42 पात्र हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रदान की गई। शनिवार को नगर पालिका परिषद दीपका में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक प्रेमचंद पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष राजेंद्र राजपूत एवं वरिष्ठ पार्षद अरुणीश तिवारी दादा भाई, उपाध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू, पार्षद हिमांशु देवांगन आदि उपस्थित थे।





## विधायक, महापौर व कलेक्टर ने संजीवनी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# स्वास्थ्य विभाग को मिली पांच नई संजीवनी एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वास्थ्यगत आपात स्थिति में अब जिले के नागरिकों तक तेज, सुलभ और जीवन रक्षक चिकित्सा सहायता की पहुँच बढ़ेगी। विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से 5 नए संजीवनी एक्सप्रेस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने जिलेवासियों को इस महत्वपूर्ण सुविधा के लिए बधाई दी और कहा कि यह पहल आमजन के स्वास्थ्य सुरक्षा को और सुदृढ़ करेगी। विधायक श्री पटेल व महापौर श्रीमती राजपूत ने जिलेवासियों को बधाई देते हुए कहा की नए संजीवनी एक्सप्रेस वाहन के आ जाने से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि संजीवनी एक्सप्रेस के माध्यम से अब कोरबा जिला आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं में एक नई दिशा की ओर बढ़ रहा है, जहां समय पर उपचार और बेहतर सुविधाएं हर नागरिक तक पहुंच सकेंगी। उन्होंने कहा कि इन वाहनों के जुड़ने से विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बड़ा लाभ मिलेगा। आपातकालीन परिस्थितियों में अब त्वरित चिकित्सा सहायता की पहुंच बढ़ेगी, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा और जान बचाने की संभावनाएं भी मजबूत होंगी। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले को 13 संजीवनी एक्सप्रेस आबंटित की गई हैं, जो स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती प्रदान करेंगी। इनमें 3 वाहन जिला अस्पताल, 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 1 वाहन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए आबंटित है। जिसके अंतर्गत 5 नए संजीवनी वाहनों को आमजनों को सेवा प्रदान करने के लिए विधायक कटघोरा श्री पटेल द्वारा रवाना किया गया। साथ ही शेष वाहन भी जल्द ही जिले में पहुंचकर सेवाएं देना शुरू करेंगी। संजीवनी एक्सप्रेस में उपलब्ध सुविधाएं इसे एक चलती-फिरती जीवनरक्षक इकाई बनाती हैं। इनमें वेंटिलेटर, मॉनीटर, ऑक्सीजन सपोर्ट सहित आवश्यक इमरजेंसी उपकरण उपलब्ध हैं। विशेषकर जिले को मिले नए संजीवनी वाहनों में 2 वाहन एडवांस लाइफ सपोर्ट से युक्त है। जो की गंभीर मरीजों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगी। इनमें से एक को जिला अस्पताल कोरबा और दूसरी कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात की जाएगी। अन्य 108 संजीवनी एक्सप्रेस वाहनों को जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यकता अनुसार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे दूरस्थ अंचलों में भी स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं सीएमएचओ सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।



संजीवनी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाते महापौर व अन्य।

